# मैया मेरी आई है | By Rhythm Baby & Santosh Kumar |

जय जय जय जय जय मां

मैया मेरी आई है
करके शेर सवारी
दरश कर लो भक्तों
मां लगे बड़ी प्यारी

सोने सोने मुखड़े पे
वारी वारी जाऊं मैं
वारी तेरी जाऊं मैं
बलिहारी तेरी जाऊं मैं

नज़र महारानी की
मिलके आज उतारी
मैया मेरी आई है
करके शेर सवारी

नाचो गाओ आज मेरे
दाती के दरबार में
खुशियां मिलेगी तुम्हें
मैया जी के प्यार में

जयकारे लगाओ मिलके
मौका मिला है इस बारी
मैया मेरी आई है
करके शेर सवारी

बनके सवालि आया
मैं भी तेरे द्वार पे
सुख बरसा दे मां
मेरे भी परिवार पे

रहेगा "संतोष" मुझको
रिधम करे जो सेवादारी
मैया मेरी आई है
करके शेर सवारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%88-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-rhythm-baby-santosh-kumar/